हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 17.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

14 एकजुट हुए जिले के शैक्षिक स्वयंसेवक, शिक्षा विभाग ने सांझा किए गुर



14 गंणतंत्र दिवस पर दिल्ली में भारी वाहनों की एंट्री बंद



## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस में शामिल अपराधी गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने चेक बाउंस की घटना में शामिल अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी जितेन्द्र रोहतक का रहने वाला है। वर्ष 2017 में चेक बाउंस की घटना में उक्त आरोपी को न्यायालय द्वारा 2025 में उदघोषित अपराधी घोषित कर थाना खरखौदा में मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमें में आरोपी जितेन्द्र गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

### सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में युवती को शराब पिलाकर कार में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों मोहित व नीरज को भी गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश करके तीन दिन के रिमांड पर लिया। पहले पकड़े गए सुमित को जेल भेजा। 18 वर्षीय युवती ने बताया कि 16 जनवरी को आईटीआई चौक पर गांव जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान सुमित, नीरज व मोहित ने उसे गांव छोड़ने की बात कही तो वह कार में बैठ गई व रास्ते में उस के साथ दुष्कर्म किया।

### भांजा बनकर महिला से 4 लाख ऐंठे, केस दर्ज

**गन्नौर।** शहर की एक महिला के साथ मोबाइल पर फोन कर साइबर ठगों ने भांजा बनकर 4 लाख ठगे। पीड़िता ने थाना गन्नौर में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में गन्नौर निवासी हरदीप कौर ने बताया कि 16 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक काल आया, जिसमें कालर ने खुद को उनका भांजा गुरदीप बताया।

### 22 वार्डों और 1 मेयर के चुनावों की घोषणा भी जल्द संभव

# सोनीपत अनारक्षित, कोई भी लड़ सकता है मेयर का चुनाव

**भाजपा फिर दोहरा सकती है राजीव जैन की उम्मीदवारी**

***कमल दिवान पर कांग्रेस का दारोमदार, 4 लाख की आबादी 3 लाख से अधिक मतदाता***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम चुनावों की आहट हो चुकी, प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां जोरों पर। सरकार ने वीरवार को पंचकूला में ड्रा निकाला, सोनीपत नगर निगम के मेयर पद के लिये कोई आरक्षण नहीं हुआ। मेयर पद का चुनाव सामान्य श्रेणी में होगा। अब सोनीपत में भाजपा व कांग्रेस की सीधी टक्कर। आरक्षित होने से दोनों पार्टियों को मेयर के लिये दावेदार ढूंढने में परेशानी होती। पिछले दिनों वार्डबंदी से निगम में 20 वार्डों को 22 वार्ड किया था। सोनीपत में 4 लाख से अधिक की आबादी हुई, लगभग 3 लाख मतदाता हैं। जो 22 पार्षदों व 1 मेयर का चयन करेंगे। जल्द ही चुनावों का नोटिफिकेशन जारी किया जा सकता है। पिछले वर्ष 2 मार्च को मेयर पद का उपचुनाव हुआ था, जिसमें भाजपा के राजीव जैन ने जीत दर्ज की थी।




#### 12 जनवरी को पूरा हो गया था कार्यकाल

सोनीपत में मेयर व पार्षदों का कार्यकाल 12 जनवरी को पूरा हो गया है। निगम चुनाव को लेकर वार्डबंदी के लिए 26 दिसंबर को अधिसूचना जारी कर दी गई थी। सोनीपत निगम चुनाव को लेकर क्षेत्र में 20 के बजाय 22 वार्ड प्रस्तावित किए गए हैं। प्रदेश सरकार की ओर से 26 दिसंबर 2025 को सोनीपत नगर निगम की वार्डबंदी के अंतिम आदेश जारी किए जा चुके हैं। अधिसूचना के तहत नगर निगम क्षेत्र के कुल वार्डों में से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति महिला, पिछड़ा वर्ग ए, पिछड़ा वर्ग बी महिला, महिला व सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किए जाने वाले वार्डों की संख्या पहले ही निर्धारित की जा चुकी है।

#### फिर से बिछेगी वो ही बिसात

मेयर पद की बात करें तो उम्मीदवारी में पिछले वर्ष हुए उपचुनाव का सीन रीक्रिएट हो सकता है। भाजपा फिर से राजीव जैन को फिर से अपना उम्मीदवार बना सकती है। वहीं कांग्रेस से भी कमल दिवान को फिर से मेयर के लिये टिकट मिलने की प्रबल संभावना है। ऐसे में फिर से वो ही राजनीति की बिसात बिछ सकती है, जोकि पिछले वर्ष हुए उपचुनाव में बिछी थी।

#### 5 साल में बढ़ गई आबादी

सोनीपत नगर निगम क्षेत्र में 5 साल के अंदर करीब 64 हजार लोगों की आबादी बढ़ गई है। नगर निगम की ओर से 5 साल पूर्व 20 वार्डों में 3,40,919 आबादी दर्शाई गई थी, जबकि वर्तमान में निगम क्षेत्र की जनसंख्या बढ़कर करीब 4,05,275 हो गई है। इनमें 83,000 पिछड़ा वर्ग (ए), 20,953 पिछड़ा वर्ग (बी) जनसंख्या है, जबकि अनुसूचित जाति वर्ग की जनसंख्या 59,224 है। ऐसे में वार्ड की संख्या बढ़ाकर 20 से 22 की गई है।

**कई दिग्गज पहले ही बाहर:** गत 14 जनवरी को हुए वार्ड के ड्रा में कई दिग्गज पहले ही बाहर हो चुके हैं। जिसमें सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा का कार्यक्षेत्र रहा वार्ड नंबर 9 अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हो गया था। वहीं वार्ड नंबर 6 से मौजूदा पार्षद रेनू प्रवीन सैनी का भी वार्ड पिछड़ा वर्ग क महिला के लिए आरक्षित हो गया था।

# नागरिक अस्पताल में जांच के लिए मरीज बेहाल, धक्का-मुक्की का कर रहे सामना

***मरीज बोले, कर्मचारी तय समय से पहले ही खिड़कियां बंद कर लेते हैं, लैब में भी अव्यवस्था का माहौल***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** के नागरिक अस्पताल में जांच करवाने के लिए लैब के बाहर धक्का-मुक्की करते लोग।

दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को अपनी जांच करवाने में अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में प्रबंधों की अव्यवस्था के चलते मरीजों के हाल बेहाल हैं। इतना ही नहीं, जांच लैब में भी अव्यवस्था का माहौल है। इससे मरीजों को जांच करवाने के लिए धक्का-मुक्की करनी पड़ रही है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन इस बात से अनजान है।

वीरवार को हालात उस समय बिगड़े नजर आए, जब जांच लैब के बाहर मरीजों की भीड़ एकत्रित होने से धक्का-मुक्की का माहौल बना रहा। लैब के बाहर रक्त जांच कराने आए मरीजों खासकर बुजुर्गों व महिलाओं को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल में इलाज करवाने आए मरीजों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में कर्मचारियों ने जांच लैब की खिड़की दोपहर 12 बजे से पहले ही बंद कर ली, जबकि बाहर काफी संख्या में मरीज अपनी जांच करवाने का इंतजार करते रहे। कुछ मरीजों ने बताया कि वह अस्पताल में इलाज के लिए सुबह 9 बजे पहुंचे, चिकित्सक ने रक्त जांच के लिए भेजा तो उसके बाद 12 बजे तक उनकी बारी नहीं आई। इस दौरान कर्मचारियों ने खिड़की को बंद कर दिया। इसके बाद काफी मरीजों को बिना जांच कराए वापस लौटना पड़ा।

#### एक ही लैब से जांच कराने को मरीज विवश

नागरिक अस्पताल में पुरुषों व महिलाओं के लिए अलग-अलग जांच लैब की व्यवस्था की गई हैं, लेकिन वीरवार को स्टाफ सदस्यों की कमी के चलते महिलाओं व पुरुषों को एक साथ एक ही जगह जांच लैब में रक्त की जांच करवाने के लिए विवश होना पड़ा। ऐसी स्थिति में जांच लैब के बाहर मरीजों की ज्यादा भीड़ जमा हो गई। भीड़ एकत्रित होने से जांच व्यवस्था चरमरा गई। जांच करवाने आए अमित, प्रमोद, रामकुमार ने आरोप लगाया कि अस्पताल में मरीजों की सुविधा का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। अव्यवस्थाओं का माहौल बढ़ता जा रहा है। सप्ताह में दो दिन पुरुष जांच लैब बंद रहती है। ऐसे में पुरुषों को भी महिला जांच लैब खिड़की पर भेज दिया जाता है।

# बिजली कर्मियों ने की सांकेतिक भूख हड़ताल

***मांगें पूरी न करने से कर्मचारियों में रोष, 12 फरवरी को होगी राष्ट्रव्यापी भूख हड़ताल***

**गोहाना।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर गुरुवार को बिजली कर्मचारियों ने सांकेतिक भूख हड़ताल की। बिजली कर्मचारी महम मार्ग स्थित 132 केवी पापर हाउस में भूख हड़ताल पर बैठे। अध्यक्षता यूनियन की गोहाना यूनिट प्रधान नितेश शर्मा ने की व संचालन यूनिट सचिव सोहन शर्मा ने किया। यूनिट प्रभारी व सर्व कर्मचारी संघ गोहाना के प्रधान सुरेश यादव ने कहा कि ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर यह सांकेतिक भूख हड़ताल पूरे प्रदेश में कर्मचारियों की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करवाने व हाईकोर्ट के आदेशानुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने के लिए की गई। उन्होंने कहा कि निजीकरण पर रोक लगाने, पुरानी पेंशन नीति को बहाल करवाने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने और स्मार्ट मीटर को बंद करवाने सहित अन्य मांगों को लेकर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी।



**गोहाना।** हड़ताल में भाग लेने का आह्वान करते बिजली कर्मचारी।

# बस की टक्कर से युवक गंभीर, चालक फरार

***पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जीटी रोड पर बड़ी गांव के पास तेज रफ्तार बस की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए पानीपत के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना बड़ी पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में सोनू निवासी गांव पत्थरगढ़, जिला पानीपत ने बताया कि 18 जनवरी को वह और उसका साला शिवा निवासी गांव गढ़ी ब्राह्मणा, सोनीपत, मोटरसाइकिलों पर सवार होकर गांव गढ़ी ब्राह्मणा से पानीपत जा रहे थे। शिवा अपनी मोटरसाइकिल पर आगे चल रहा था, जबकि सोनू पीछे-पीछे आ रहा था। रात 9 बजे जब वे काली माता मंदिर के सामने पहुंचे, तभी दिल्ली की ओर से आ रही एक बस ने तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए शिवा की मोटरसाइकिल को पीछे से सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही शिवा मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गया और डिवाइडर से जा टकराया। हादसे में उसके सिर, आंख और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। सोनू ने बताया कि बस चालक ने कुछ देर के लिए बस रोकी, लेकिन मौके का फायदा उठाकर बस को लेकर फरार हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इसके बाद घायल शिवा को तुरंत गन्नौर के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई खानपुर रेफर कर दिया गया।








हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक



ज्ञान वार्ता
विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मान:** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।





'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।

**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्ह:** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'

'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।


**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वज:** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों



की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।

**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिता:** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'



अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

### राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल

घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।





कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,
खुशियों का आलम।
लहर रहा हर ओर तिरंगा,
फहर रहा परचम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
संविधान की रक्षा की,
खाते हैं आज कसम।
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,
'वंदे मातरम्' हम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
देश हमारा दिन-दिन विकसित,
करें सभी परिश्रम।
शांति-अहिंसा वाला मौसम,
बना रहे हरदम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## गाओ वंदे मातरम्



गाओ वंदे मातरम्
गाओ वंदे मातरम्।
राष्ट्रगीत के बोल निराले।
मन में ओज जगाने वाले।
मनभावन लय स्वर सरगम।
गाओ वंदे मातरम्।
जननी जन्मभूमि की जय हो।
जग में यश अनंत अक्षय हो।
सुखदाई शुभ सुंदरम्।
गाओ वंदे मातरम्।
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।
भारत माता का यश गाएं।
ध्वज निर्भय फहराएं हम।
गाओ वंदे मातरम्।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशभक्ति बाल कविताएं



बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब:** हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक:** डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य:** 395 रुपए, **प्रकाशक:** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

### बूझो तो जानें



1. वर्ष के प्रथम माह में आती,
धूमधाम से मनाई जाती,
लागू हुआ इस दिन संविधान,
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।

2. तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,
चौबीस तीलियां जिसमें समाएं,
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।

3. एक रंग है साहस का,
दूजा शांति का कहलाता,
तीजा रंग है उर्वरता का,
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग- केसरिया, सफेद और हरा

### जीके क्विज-189

1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू

**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद



कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

## वसंत राजा




हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। कियारा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

कियारा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे। सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी कियारा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। कियारा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और कियारा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,
देख इसे होती हैरानी।
निखर उठी है अजब छटा से
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,
डाली-डाली बौराई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।
फूलों से लद गए बगीचे,
भौंरे फिरते आंखें मींचे।
यों लगता है जैसे अंबर,
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।
शब्द सरीखे इस मौसम का
रंग-ढंग सब सुखदाई है।
लो, वसंत की ऋतु आई है।
नाच रही गेहूं की बाली,
झूम रही सरसों मतवाली।
देख नजारा पौध चने के
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।
कोयलिया का गीत, हवा की
सरगम सबके मन भाई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।

### रंग भरो-194

**रंग भरो-194** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




रशिका, जांजगीर


समृद्धि, शहडोल


धरा, रायपुर


पयोधि, अंबिकापुर


ओविया, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा


प्रमाण, बालोद

### रंग भरो 195



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप


गोहाना। मां सरस्वती का पूजन करते हुए शिक्षक और विद्यार्थी। फोटो :

### हंशिका और यामी के विज्ञान प्रोजेक्ट प्रथम

**गोहाना।** शहर में बरोदा मार्ग स्थित बाल भारती विद्यापीठ में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्ञान, बुद्धि, कला और संगीत की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती को समर्पित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन, सरस्वती वंदना एवं मधुर सरस्वती भजनों के साथ हुआ। बसंत पंचमी समारोह के साथ विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में कक्षा चौथी और पांचवीं के विद्यार्थियों ने अपने सृजनात्मक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। कक्षा पांचवीं से हंशिका, जानवी व दिव्या, अदिति, यशिका व वैदेही, कक्षा चौथी से यामी, हितांश और वंशिका के प्रोजेक्ट को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### एनएसएस समाजसेवा का सशक्त माध्यम : मीनाक्षी

**गोहाना।** राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना में गुरुवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ हो गया। डिजिटल इंडिया में युवाओं की भूमिका विषय पर आयोजित शिविर के लिए मार्गदर्शन को-ऑर्डिनेटर बबीता का रहा। संयुक्त संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा और डॉ. प्रवीन देवी का रहा। शुभारंभ प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी सांगवान ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी ने कहा कि एनएसएस समाजसेवा का एक सशक्त माध्यम है।

### सुभाष चंद्र बोस को आज दी जाएगी श्रद्धांजलि

**सोनीपत।** रामराज सेवा समिति की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस श्रद्धांजलि समारोह समिति के सहयोग से 23 जनवरी को गांव जाट जोशी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में सामूहिक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि के अलावा राजनीतिक दलों से जुड़े लोग, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी शामिल होंगे। समिति के अध्यक्ष अनिल मलिक, उपाध्यक्ष प्रदीप हुड्डा, बिजेंद्र हुड्डा व मुकेश मलिक ने दी कार्यक्रम की जानकारी।

### मुरथल में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में देश भर से हजारों संत और श्रद्धालु उमड़े

# उत्तर प्रदेश के सीएम की मौजूदगी में बाबा नागे धाम मुरथल के महंत हुए गद्दीनशीन

- यूपी के सीएम ने नशे के खिलाफ अभियान चलाने की अपील की
- उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बना रहे योगी : अरविंद शर्मा

मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए संत समाज और जनसामान्य से एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राई

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबा नागे धाम पर समारोह को संबोधित करते हुए कि यह भारत की आध्यात्मिक शक्ति, संतों की साधना और सुव्यवस्थित प्रशासन का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आने वाला एक हजार वर्ष भारत का होगा और सनातन धर्म को परम वैभव तक पहुंचाने का होगा, जिसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को मिलकर कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने संत समाज और नागरिकों से नशे के विरुद्ध व्यापक जन-जागरण अभियान चलाने की अपील की।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबा नागे धाम पर समारोह को संबोधित करते हुए व समारोह में उमड़ी साधु संतों व लोगों की भीड़ ।

#### भारत की सांस्कृतिक विरासत ही हमारी शक्ति है : अरविंद शर्मा

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री एवं बाबा गौरक्षनाथ पीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि नाथ सम्प्रदाय में अद्वितीय स्थान एवं निरंतर अपनी प्रशासनिक दक्षता के साथ उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बना रहे योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में बाबा मसाण नाथ नागे धाम में महन्त के तौर पर गद्दीनशीन हुए हैं। यह क्षण हमारी सनातन आस्था, साधना और सांस्कृतिक चेतना के लिए गौरवपूर्ण क्षण हैं।

#### सीएम योगी का आगमन सौभाग्य का विषय : बड़ौली

प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भव्य आगमन हुआ, जिनके सानिध्य से संपूर्ण क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। उन्होंने सभी पूज्य संतों, योगियों और श्रद्धालुजनों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह आगमन हरियाणा की जनता के लिए सौभाग्य का विषय है, क्योंकि वे न केवल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं बल्कि नाथ संप्रदाय से जुड़े एक महान संत-नेता के रूप में पूरे देश का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

#### बाबा बालकनाथ ने दिया योग, साधाना और सेवा का संदेश

राजस्थान के तिजारा से विधायक बाबा बालकनाथ ने कहा कि नाथ संप्रदाय की परंपरा योग, साधना, सेवा और समरसता के माध्यम से समाज को एकजुट करने का संदेश देती है। संतों का आशीर्वाद राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए संत समाज और जनसामान्य से एकजुट होकर आगे बढने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने भंडारे एवं संतों के आशीर्वाद के साथ राष्ट्र, धर्म और मानवता के कल्याण की कामना की गई।

#### कार्यक्रम में ये रहे साधु संत, नेतागण व गणमान्य लोग मौजूद

इस मौके पर उत्तरप्रदेश के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, राई से विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत से विधायक निखिल मदान, गन्नौर से विधायक देवेन्द्र कादियान, जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, जिलाध्यक्ष गोहाना बिजेन्द्र मलिक, तरूण देवीदास, जसबीर दोदवा, योगी महासभा के महामंत्री चेताईनाथ महाराज, पेवा पीर शेरनाथ महाराज, ओझाना के पीर राजनाथ महाराज, धनौरी के पीर हरिनाथ महाराज, रायसीन के पीर लहरनाथ महाराज, कोत कला के पीर जताईनाथ महाराज, योगी महंत कृष्णनाथ महाराज, योगी महंत समुद्रनाथ महाराज सहित समस्त नाथ संप्रदाय के संत व गणमान्य मौजूद रहे।


सोनीपत। ज्ञापन सौंपती आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

#### राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का लिया निर्णय

**सोनीपत।** पीएचसी मुरथल में वीरवार को आशा वर्कर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्राथमिक चिकित्सा अधिकारी पीएचसी मुरथल को ऑनलाइन काम नहीं करने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने के लिए सभी आशा वर्कर्स को अवगत कराया गया। जिला सह सचिव सुमन सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग आशा वर्कर्स पर ऑनलाइन कार्य का दबाव बना रहा है, जबकि आशा वर्कर्स वालंटियर के रूप में फील्ड से जुड़ा कार्य करती हैं। गर्भवती महिलाओं, जच्चा-बच्चा देखभाल, टीकाकरण, जांच, प्रसव और सर्वे जैसे कार्यों में उनका अधिकांश समय फील्ड में बीतता है, जिससे ऑनलाइन काम के लिए समय नहीं बचता। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन कार्य के लिए अलग पद सृजित किया जाए। आशा वर्कर्स ने इंसेंटिव में 1500 बढ़ोतरी और 73 दिन की हड़ताल का बकाया भुगतान तुरंत करने की मांग की।

## बिना मालिक की मौजूदगी में करोड़ों की रजिस्ट्री प्रशासन की चुप्पी पर उठे गंभीर सवाल : गौतम

- गन्नौर में जमीन घोटाले का मामला, सामाजिक कार्यकर्ता ने उठाई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बांय से एक ऐसा मामला सामने आया है, जो राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली, पेपरलैस भू-रजिस्ट्रेशन और प्रशासनिक पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। न्याय युद्ध के संस्थापक एवं समाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र गौतम ने बताया की 27 नवंबर 2025 को एक भू-मालिक की करीबन 4.5 एकड़ जमीन को उसकी जानकारी और मौजूदगी के बिना ही किसी अन्य व्यक्ति द्वारा बेच दिया गया और तहसील में रजिस्ट्रेशन करने वाले नायब तहसीलदार को कानो-कान ख़बर तक नहीं हुई। देवेन्द्र गौतम ने इस गंभीर मुद्दे पर चिंता जताते हुवे प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुवे कहा कि इस पूरे प्रकरण में डीड राइटर, नायब तहसीलदार, कथित खरीदार, और फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर बना फर्जी भू-मालिक, गवाह और नम्बरदार की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।

#### पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले



देवेन्द्र गौतम ने बताया कि यह कोई पहला मामला नहीं है। गन्नौर और सोनीपत क्षेत्र में पहले भी संदिग्ध रजिस्ट्रियों और देर रात तक तहसील कार्यालय खोलकर पंजीकरण किए जाने की खबरें सामने आती रही हैं। ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच की बजाय जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालने की प्रवृत्ति चिंताजनक है। देवेन्द्र गौतम ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में राजनीतिक संरक्षण की बू भी महसूस की जा रही है, क्योंकि शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई और ना ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई जांच की बात सामने आ रही हैं बल्कि इसके विपरीत मामले को उलझाने के प्रयास यह साफ संकेत देते हैं कि प्रभावशाली लोग दोषियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

## 4.70 करोड़ रुपये के विकास कार्यों से सुधरेगी नई अनाज मंडी की हालत

- विधायक निखिल मदान ने नई अनाज मंडी में होने वाले विकास कार्यों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

विधायक निखिल मदान वीरवार सुबह रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग 4 करोड़ 70 लाख रुपए से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन अरुण चौहान और वाइस चेयरमैन संजय वर्मा सहित मंडी एसोसिएशन के विभिन्न पदाधिकारी आढ़ती और व्यापारी विशेष रूप से मौजूद रहे। विधायक निखिल मदान ने बताया कि आज हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा सोनीपत की नई अनाज मंडी में विकास कार्यों को शुरू करवाया गया है। उनकी पिछली बैठक में अनाज मंडी के व्यापारियों और आढ़तियों ने मंडी के शेड को बदलने, मंडी की सड़कों की मरम्मत और नवनिर्माण, इसके साथ ही मंडी की चारदीवारी करवाने की मांग रखी थी। उसके बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बात करके टेंडर प्रक्रिया को शुरू करवाया था। उसके फल स्वरुप आज अनाज मंडी की चार दिवारी करने, सड़कों को बिट्युमिन (तारकोल) से बनाने और नया शेड लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।


सोनीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक साथ में मंडी के वाइस चेयरमैन संजय वर्मा एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि


सोनीपत। विजेता छात्रा के साथ प्राचार्या एवं स्टाफ।

#### अंजू ने राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जीते दो गोल्ड

**सोनीपत।** हाल ही में आयोजित 13वीं एआईटीडब्ल्यूपीई सीनियर नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्रा अंजू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड मेडल हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता गोवा में 7 से 12 जनवरी तक आयोजित की गई थी। बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा अंजू ने 55 किलो भार वर्ग में बेल्ट रेसलिंग और नेगी रेसलिंग दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

छात्रा की इस उपलब्धि पर कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्या गीता ने मिठाई खिलाकर उसका स्वागत किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका सुमन मान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह जीत कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास का परिणाम है। कुश्ती कोच रेखा मान को भी इस सफलता का श्रेय दिया गया, जिनके मार्गदर्शन में छात्रा ने यह मुकाम हासिल किया। टीका राम एजुकेशन सोसायटी के प्रधान सुरेन्द्र दहिया ने खिलाड़ी को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

#### बीजेपी सरकार में युवा परेशान : करण चौटाला

**सोनीपत।** सोनीपत के गांव राठथाना रोड पर स्थित बिट्टू मास्टर पूर्व प्रत्याशी हल्का सोनीपत के फार्म हाउस पर जिला युवा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय युवा प्रभारी करण चौटाला ने केंद्र और हरियाणा की बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार में सबसे ज्यादा परेशान अगर कोई वर्ग है तो वह युवा वर्ग है। आज युवाओं के पास न रोजगार है और न ही स्थायी नौकरी, पढ़ा-लिखा युवा खाली घूमने को मजबूर है। करण चौटाला ने कहा कि फौज में भर्ती के नाम पर भी युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ किया गया है। हर साल एक करोड़ रोजगार देने का वादा कर सत्ता में आई केंद्र सरकार और डबल इंजन की हरियाणा सरकार ने युवाओं को ठगा है।

#### कौशल बोध पर कार्यशाला में दिए करियर के टिप्स

**सोनीपत।** कक्षा छठी से आठवीं तक कौशल शिक्षा (कौशल बोध) के अनिवार्य कार्यान्वयन पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य एनईपी 2020 और सीबीएसई दिशानिर्देशों के अनुसार कौशल बोध के कार्यान्वयन के बारे में शिक्षकों की समझ को मजबूत करना था। इस वर्कशॉप में विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल और शिक्षकों ने भाग लिया। सेशन का नेतृत्व ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल, किरण दलाल और ब्रेनवेव्स इंटरनेशनल स्कूल हापुड़ के प्रिंसिपल अभिषेक बनर्जी ने किया। संसाधन व्यक्तियों ने कौशल बोध के विज़न, उद्देश्यों और व्यावहारिक एकीकरण पर वैचारिक स्पष्टता प्रदान की।

### यात्रीगण कृपया ध्यान दें...माह के अंत में प्रभावित रहेगा ट्रेन संचलन

## 29 से 31 जनवरी तक रद्द रहेगी इंटरसिटी एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

रेलवे ने पंजाब के अमृतसर व जालंधर सिटी सेक्शन में पुल नंबर 28 पर गार्डर पर नए पीएससी स्लैब बदलने के उद्देश्य से जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में यातायात व ओएचई ब्लॉक लिया है। इसके चलते दिल्ली अंबाला रूट पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इनमें दिल्ली अंबाला व उत्तर प्रदेश के रास्ते पंजाब जाने वाली 6 एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन रद्द किया है। इसके अलावा 6 एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन करके व 5 एक्सप्रेस ट्रेनों का बीच मार्ग और 13 ट्रेनों का 3 घंटे तक की देरी से परिचालन किया जाएगा। इससे पंजाब की ओर आवागमन करने वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है।


स्टेशन पर ट्रेन में सवार होते यात्री।

रेलवे ब्लॉक के चलते दिल्ली से अमृतसर रूट आवागमन करने वाली ट्रेन संख्या 14679 दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस व 14680 अमृतसर इंटरसिटी एक्सप्रेस 29 से 31 जनवरी तक रद्द रहेगी। इसके अलावा सोनीपत स्टेशन पर रूककर चलने वाली दो एक्सप्रेस ट्रेनों का पंजाब में मार्ग परिवर्तन किया गया है। ट्रेन संख्या 18309 संभलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस का 27 व 29 जनवरी को पंजाब में मार्ग परिवर्तन कर परिचालन होगा। यह ट्रेन जालंधर कैंट, मुकेरियां व पठानकोट के रास्ते चलाई जाएगी, जबकि जालंधर शहर, ब्यास, अमृतसर, बटाला जंक्शन, धारीवाल, गुरदासपुर, दीनानगर स्टेशन पर परिचालन रद्द रहेगा। वहीं ट्रेन संख्या 22430 पठानकोट-दिल्ली एक्सप्रेस का 29 व 31 जनवरी को मुकेरियां, जालंधर कैंट व लुधियाना जंक्शन के रास्ते परिचालन होगा। ट्रेन का दोनों दिन जालंधर शहर, ब्यास, अमृतसर, बटाला जंक्शन, धारीवाल, गुरदासपुर, दीनानगर स्टेशन पर परिचालन रद्द रहेगा।

#### इन ट्रेनों का देरी से होगा परिचालन

इनके अलावा 29 जनवरी को ट्रेन संख्या 12926 पश्चिम एक्सप्रेस व 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस का 1:30 घंटे की देरी से परिचालन होगा। दोनों ट्रेनों का अमृतसर स्टेशन से 1 घंटे की देरी से परिचालन शुरू होने के बाद मार्ग में 30 मिनट देरी से चलेंगी। ट्रेन संख्या 11058 दादर एक्सप्रेस को मार्ग 30 मिनट रोककर चलाया जाएगा। वहीं 31 जनवरी को ट्रेन संख्या 15707 आम्रपाली एक्सप्रेस का 29 जनवरी का मार्ग में 45 मिनट, 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस 2:10 घंटे व 11058 दादर एक्सप्रेस का 1:15 घंटे की देरी से परिचालन होगा।

#### कार्य के चलते खेद

जनवरी माह के अंत में अमृतसर व जालंधर सिटी सेक्शन के पुल नंबर 28 पर गार्डर बदलवाने का कार्य किया जाएगा। ऐसे में रेलवे ने 27 से 31 जनवरी तक ब्लॉक लिया है। दिल्ली अंबाला रूट की इंटरसिटी एक्सप्रेस 3 दिन रद्द रहेगी, कार्य पूर्ण होने पर 1 फरवरी से ट्रेनें का परिचालन निर्धारित समय पर किया जाएगा। -**हिमांशु शेखर उपाध्याय,** मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे

## न्यूज डायरी


गोहाना। विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पदक प्रदान करते हुए चेयरमैन राजेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

#### दून स्कूल के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण सहित जीते 5 पदक

गोहाना। राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में गोहाना के दून पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। प्रतियोगिता में स्कूल के विद्यार्थियों ने 4 स्वर्ण सहित 5 पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। गुरुवार को स्कूल में चेयरमैन राजेश कुमार और प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने पदक विजेताओं को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।

आगरा में शमसाबाद मार्ग स्थित आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 10 राज्यों की 25 टीमों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़े प्रतिस्पर्धात्मक माहौल के बीच अंडर-14 आयु वर्ग में चिराग ने प्रथम, अंडर-11 आयु वर्ग में अश्वी और रिंकी ने प्रथम जबकि शिवम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-9 आयु वर्ग में लक्ष्य और देव प्रथम रहे। स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार ने कहा कि खेलों से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेलों में भाग लें।


सोनीपत। रैन विद्या मंदिर में कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी बच्चों के साथ विद्यालय के प्रधान, प्राचार्या एवं अन्य।

#### हर्षोल्लास से मनाया बसंत पंचमी का पर्व

सोनीपत। जैन विद्या मंदिर में सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वीरवार को बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना से हुई। विद्यार्थियों ने पीले वस्त्र धारण कर बसंत पंचमी के उल्लास को और भी मनमोहक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की आराधना पर आधारित भजन, कविताएं, नृत्य एवं लघु नाटिकाएँ प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बसंत पंचमी के महत्व और ज्ञान के संदेश को विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए सरस्वती वंदना से संबंधित पोस्टर, चार्ट एवं कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, प्राचार्या डॉ. नीरू तथा प्रबंधक समिति के सदस्यों ने मां सरस्वती से सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, ज्ञान, बुद्धि एवं सफलता की कामना की।


खरखौदा। सरस्वती मां की पूजा अर्चना करके नमन करते शिक्षक।

#### स्टैनफोर्ड स्कूल में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन

**खरखौदा।** द स्टैनफोर्ड स्कूल, थाना खुर्द में ज्ञान और विद्या की देवी माँ सरस्वती को समर्पित वसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष उत्सव दहिया, विद्यालय सह-संस्थापक इंद्रावती, निदेशक पूजा दहिया, प्रधानाचार्य संजीत नैन, सरिता, अमित व मोनिका सहित विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।


सोनीपत। एस 7 में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यालय स्टाफ।

#### श्रद्धा के साथ मनाया गया बसंत पंचमी उत्सव

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7) के प्रांगण में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मैनेजमेंट के सदस्यों, अध्यापकों और छात्रों द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। हिंदू कैलेंडर के अनुसार माघ माह में आने वाला यह पर्व ज्ञान, बुद्धिमत्ता और सद्गुणों का प्रतीक माना जाता है। विद्यालय में मैनेजर सुखप्रिय शास्त्री और निर्देशक दीपक ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प, माला और प्रसाद अर्पित किया। छात्रों के लिए यह पर्व विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस दिन सरस्वती वंदना के साथ बुरी आदतों के त्याग और अच्छी आदतों को अपनाने का संकल्प लिया गया। विद्यार्थियों ने पीले वस्त्र धारण कर पीली मिठाइयां और चावल अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान वंदना, कविता पाठ और नाटक प्रस्तुत किए।



खरखौदा। बसंत के आगमन का स्वागत करते शिक्षक व विद्यार्थी।

#### बसंत पंचमी पर पीले वस्त्रों में सजे नन्हें-मुन्ने

**खरखौदा।** मनोदेव इंटरनेशनल स्कूल, पीपली में वसंत पंचमी का पर्व बड़े ही श्रद्धा, उत्साह एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर पीले रंग की साज-सज्जा से आकर्षक रूप में सुसज्जित दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ किया गया। विद्यार्थियों व शिक्षकों ने माँ सरस्वती की वंदना कर ज्ञान, विद्या और बुद्धि की कामना की। विद्यार्थियों ने पीले वस्त्र धारण कर वसंत ऋतु के आगमन का स्वागत किया। प्रधानाचार्या भावना ने अपने संबोधन में वसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, सृजनशीलता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं सामूहिक उत्साह के साथ किया गया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति जागरूकता और श्रद्धा का भाव उत्पन्न किया।

मॉडल टाउन स्थित बीआरसी हॉल में हुई कार्यशाला, अधिकारियों ने दी संबंधित जानकारी

# एकजुट हुए जिले के शैक्षिक स्वयंसेवक, शिक्षा विभाग ने साझा किए गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में शैक्षिक स्वयंसेवकों (एजुकेशन वालंटियर्स) को आगामी गुर देने के लिए वीरवार को मॉडल टाउन स्थित बीआरसी हॉल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग की ओर से जिलाभर में संचालित 53 स्पेशल प्रशिक्षण केंद्रों के शैक्षिक स्वयंसेवकों ने कार्यशाला में भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री ने शिरकत की। कार्यशाला में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान जिला सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अत्तर सिंह ने शैक्षिक स्वयंसेवकों को स्पेशल प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों का स्कूलों में दाखिला करवाने की प्रक्रिया से अवगत कराया। इनमें 7 से 14 वर्ष तक के बच्चे शामिल हैं। इन केंद्रों पर पूर्व में 1330 शिक्षा से वंचित बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनमें करीब 35 केंद्रों पर चल रहे प्रशिक्षण की 6 माह की अवधि 10 फरवरी को पूरी हो जाएगी। इसके अलावा कुछ केंद्रों पर 31 मार्च को प्रशिक्षण का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। वहीं शिक्षा विभाग ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके ऐसे बच्चों का अब स्कूलों में दाखिला करवाने का निर्णय लिया है, ताकि वह शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ सकें। कार्यशाला में जिला सहायक परियोजना संयोजक अमित भनवाला, तकनीकी समन्वयक सागर, रणजीत कुंडू, रविंद्र दहिया, कदम कार्यक्रम की समन्वयक सीमा शामिल रही। अब तक विभाग ने जिले में 8000 बच्चों को प्रशिक्षण दिलवाकर उनका विद्यालयों में दाखिला करवा चुका है।



सोनीपत। मॉडल टाउन स्थित बीआरसी हॉल में शैक्षिक स्वयंसेवकों की कार्यशाला के दौरान जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री का स्वागत करते डॉ. अत्तर सिंह।

### इन बिंदुओं पर दी गई जानकारी

- एमआईएस पोर्टल पर बच्चों की जानकारी दर्ज करना।
- प्रशिक्षित बच्चों का कक्षानुसार दाखिला सुनिश्चित करना।
- प्रबंध पोर्टल संबंधी जानकारी मुहैया करवाना।
- फरवरी में 6 माह पूर्ण होने पर सेंटर की क्लोजिंग पर चर्चा।
- स्कूलों में दाखिला करवाने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी देना।
- अब नए 1407 बच्चों को निपुण बनाने का लक्ष्य

### वंचित बच्चों को शिक्षित करना उद्देश्य

परियोजना काउंसिल के तहत शिक्षा विभाग ने 30 दिसंबर 2025 को बैठक कर ऐसे बच्चों की खोज करने का निर्णय लिया था, जो पढ़ाई से वंचित रह रहे हैं। बैठक में विभाग के सभी 53 शैक्षिक स्वयंसेवकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। जनवरी माह में इन स्वयंसेवकों ने जिलाभर के 1407 आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन का सर्वे कर उन्हें केंद्रों के माध्यम से जल्द प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य हर बच्चे को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षित कर मुख्यधारा में शामिल करना है।

### किस ब्लॉक में कितने बच्चे मिले

| ब्लॉक | लड़के | लड़कियां | बच्चे |
|---|---|---|---|
| गन्नौर | 121 | 102 | 223 |
| गोहाना | 46 | 25 | 71 |
| खरखौदा | 27 | 32 | 59 |
| राई | 352 | 336 | 689 |
| सोनीपत | 168 | 198 | 365 |
| कुल | 714 | 693 | 1407 |

**समग्र शिक्षा के तहत 53 स्पेशल प्रशिक्षण केंद्र का संचालन किया जा रहा**

*शिक्षा विभाग की ओर से जिले में समग्र शिक्षा के तहत 53 स्पेशल प्रशिक्षण केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इन केंद्रों पर वर्तमान में विभिन्न खंडों में 1330 बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। फरवरी व मार्च में इन बच्चों का छह माह का कार्यकाल पूरा हो जाएगा। इसके बाद सभी का स्कूलों में दाखिला करवाया जाएगा। इनके अलावा 1407 नए बच्चों की खोज के बाद उन्हें प्रशिक्षण देने का कार्य शुरू कर दिया गया है।*

*-कृष्णा खत्री, जिला परियोजना संयोजक, शिक्षा विभाग*

## खबर संक्षेप

### अभियान के तहत 40 आवारा कुत्तों को पकडा

खरखौदा। शहर में आवारा कुत्तों की संख्या अधिक होने के कारण आए दिन आवारा कुत्तों द्वारा काटने की घटनाएं घट रही थी। जिसकी बार-बार नगर पालिका व अन्य संबंधित विभाग को शिकायत दी जा रही थी। जिस पर अब कार्रवाई करते हुए नगर पालिका द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया गया है। जिसके अंतर्गत एबीसी सेंटर को इसका टेंडर दिया गया है। पहले दिन 40 कुत्तों को पकड़ा गया है।

### शीतल ने जूडो में रजत पदक जीता

सोनीपत। एलपीयू फगवाड़ा में 15 से 18 जनवरी 2026 तक नॉर्थ ईस्ट जोन यूनिवर्सिटी जूडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में इंडियन स्कूल सोनीपत जूडो एकेडमी की खिलाड़ी शीतल ने 78 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही शीतल का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी जूडो प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है।

### सेक्टर 23 में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 25 को

सोनीपत। मानव अधिकार संरक्षण संघ द्वारा रविवार 25 जनवरी को एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर प्रातः 9:00 बजे हवन के साथ आरंभ होगा, जबकि रक्तदान प्रातः 10:00 बजे से शुरू किया जाएगा।

## पुलिस ने सुरक्षा और ट्रैफिक को लेकर बनाया अभेद्य चक्रव्यूह

# गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में भारी वाहनों की एंट्री बंद, लगाए 31 नाके

1. रात्रि गश्त, डायल-112, पीसीआर, तकनीकी निगरानी से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत
2. कुंडली बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस के साथ तालमेल बिठाकर सख्त पहरा लगाया
3. रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग और निगरानी बढ़ाई गई

- आरोपित पर नजर रखने के लिए सभी थाना प्रभारियों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व की गरिमा और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सोनीपत पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। दिल्ली की सीमाओं से सटे होने के कारण सोनीपत जिला सामरिक और सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया है जिसके तहत पूरे जिले में सुरक्षा के अभेद्य इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली में आयोजित होने वाले समारोह के मद्देनजर सोनीपत से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह पाबंदी वीरवार की शाम और फिर 25 जनवरी की शाम 6 बजे से लागू हो जाएगी।



### चलाया जा रहा चेकिंग अभियान

*पिछले कई दिनों से सोनीपत पुलिस द्वारा होटलों ढाबों गेस्ट हाउस और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी सराय और होटल संचालक अपने यहां रुकने वाले हर मुसाफिर का पूरा विवरण और वैध पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लें।*

### असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर

पुलिस द्वारा जारी कार्ययोजना के अनुसार जिले की सीमाओं और मुख्य मार्गों पर कुल 31 विशेष नाके स्थापित किए गए हैं। इन नाकों का उद्देश्य न केवल ट्रैफिक को नियंत्रित करना है बल्कि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखना है। बड़ी मुरथल राजीव गांधी एजुकेशन सिटी और कुंडली जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भारी वाहनों को रोकने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। पुलिस का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और राजधानी की सुरक्षा में कोई चूक न रह जाए। सोनीपत पुलिस का यह सुरक्षा घेरा केवल सड़कों तक सीमित नहीं है बल्कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में भी पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई गई है। रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों पर भी चेकिंग बढ़ा दी गई है। जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आरोपित किस्म के व्यक्तियों और पूर्व अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखें।

### सड़कों पर नहीं खड़े होंगे वाहन

ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस ने व्यापक रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया है। अक्सर देखा जाता है कि दिल्ली में प्रवेश बंद होने के कारण ट्रक और अन्य भारी वाहन हाईवे के किनारे खड़े हो जाते हैं जिससे लंबा जाम लग जाता है। इस बार पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि सड़कों पर वाहन खड़े करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### यहां से होगा रूट डायवर्ट

रूट डायवर्जन के अनुसार पानीपत की ओर से आने वाले भारी वाहनों को गन्नौर फ्लाईओवर से ही खुबडू झाल की तरफ मोड़ दिया जाएगा। इसी तरह गोहाना बाईपास पर नाका लगाकर वाहनों को सोनीपत पैरलल नहर मार्ग की ओर डाइवर्ट किया जाएगा ताकि वे दिल्ली की मुख्य सीमा तक न पहुंचें। उत्तर प्रदेश की ओर से बहालगढ़ आने वाले वाहनों को भी पैरलल नहर के रास्ते निकाला जाएगा। खरखौदा क्षेत्र में भी दिल्ली चौक पर विशेष नाकाबंदी की गई है जहां से ट्रैफिक को सांपला रोड की ओर भेजा जाएगा। कुंडली बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस के साथ तालमेल बिठाकर सख्त पहरा लगाया गया है ताकि कोई भी प्रतिबंधित वाहन सीमा पार न कर सके।

### सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के लिए रात के समय विशेष गश्त की योजना बनाई गई है। डायल-112 की गाड़ियां पीसीआर और राइडर टीमें पूरी रात सड़कों पर सक्रिय रहेंगी। पुलिस की तकनीकी टीमें और सीसीटीवी सर्विलांस के माध्यम से भी जिले की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों के साथ निरंतर सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है।

*ममता सिंह, आयुक्त, सोनीपत पुलिस।*

## न्यूज डायरी

### हर्षोल्लास के साथ मनाया बसंत पंचमी समारोह



राई। रेणु विद्या मंदिर में वसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास, उल्लास और सांस्कृतिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक एवं चेयरमैन नानक चंद गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन नानक चंद गुप्ता, प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े तथा अध्यापकगण द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समारोह में विद्यालय के समावेशी विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, मधुर गीत और भावपूर्ण कविता पाठ प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने वसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, विद्या और नवचेतना का प्रतीक है। चेयरमैन नानक चंद गुप्ता ने सभी अतिथियों, अध्यापकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन के लिए पूरी विद्यालय टीम को शुभकामनाएं दीं।

### नवनियुक्त बीईओ सुरजीत सिंह का किया अभिनंदन



गन्नौर। नवनियुक्त ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर (बीईओ) सुरजीत सिंह घनघस के गन्नौर में कार्यभार संभालने पर त्यागी ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने स्वागत किया गया। पूर्व प्रधानाचार्य खेमकरण शर्मा ने कहा कि सुरजीत सिंह घनघस जैसे अनुभवी अधिकारी के बीईओ पद पर आने से क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। बीईओ सुरजीत सिंह घनघस ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य गन्नौर खंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करना और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाना है। बीईओ ने बताया कि सरकार की योजनाओं के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से स्कूल प्रांगणों में शिक्षा से जुड़ी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें कक्षों का सुधार, खेल सामग्री, स्वच्छता, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर दयानंद, श्रवण, विनोद भारद्वाज आदि मौजूद थे।




### नवज्योति शिक्षा सदन ने बांटे वस्त्र

गन्नौर। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में नवज्योति शिक्षा सदन व भारत विकास परिषद द्वारा जरूरतमंदों के लिए वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने अभिभावकों के सहयोग से वस्त्र एकत्रित कर शहर के देवीलाल चौक पर भारत विकास परिषद एवं गायत्री विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में वितरण किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अनुशासन व उत्साह के साथ भाग लेते हुए वस्त्र संग्रहण से लेकर वितरण तक सक्रिय भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने कहा कि इस कार्यक्रम से जरूरमंदो की सेवा करने के साथ ही विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता व उत्तरदायित्व की भावना विकसित हुई। वितरण के दौरान कई जरूरतमंद परिवारों को वस्त्र प्राप्त हुए। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष संदीप सिंघल, कृष्ण जिंदल, नवज्योति शिक्षा सदन से संजीत कौशिक, मंजू धनखड़ आदि उपस्थित रहे।

### महंत बाबा बालक नाथ का किया अभिनंदन



गन्नौर। नई अनाज मंडी में वीरवार को महंत बाबा बालक नाथ का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। अभिनंदन समारोह में विधायक देवेंद्र कादियान, मार्केट कमेटी अध्यक्ष निशांत छौक्कर, उपाध्यक्ष योगेश कौशिक, नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, भाजपा नेता कमल राणा, महंत दीपक नाथ ने भी शिरकत की। कार्यक्रम के आयोजक निशांत गोयल ने महंत बाबा बालक नाथ व अतिथियों का स्वागत किया गया। महंत बाबा बालक नाथ ने कहा कि महंत बाबा बालक नाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से देश और प्रदेश में सकारात्मक बदलाव आया है। वहीं मुख्यमंत्री योगी के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है और महिलाओं की सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार आया है। इस अवसर पर सुरेंद्र गोयल, विशाल गोयल, एडवोकेट प्रवीन कौशिक, वरुण सिंघला, अमित बत्रा आदि मौजूद रहे।

मार्केट न्यूज

### वोल्क्सवैगन सोनीपत शोरूम में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया



सोनीपत। वोल्क्सवैगन सोनीपत सोनीपत शोरूम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया, जिसमें वॉल्क्सवेजैन की Virtus & Taigun का प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर पूज्य महामंडलेश्वर अंजनी देवा नंद गिरि जी महाराज एवंम सोनीपत के युवा समाजसेवी श्री अनुज छाबड़ा जी ने शिरकत की और डीलरशिप को आशीर्वाद दिया। इस दौरान, वोल्क्सवैगन की 5-स्टार सेफ्टी कारों - Virtus, Taigun, और Tiguan के बारे में बताया गया। शो रूम मैनेजर्स श्री सुरेंद्र भारती और श्री विपुल जी ने बताया कि सोनीपत में वोल्क्सवैगन गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है, वॉल्क्सवेज़न की गाड़ियां अपनी खासकर सेफ्टी और बिल्ड क्वालिटी के कारण जानी जाती है। अब वोल्क्सवैगन गाड़ी आपको अपने ही शहर सोनीपत में अच्छी स्कीम्स बेनिफिट्स और बेहतरीन फाइनेंस फैसिलिटी के साथ मिल रही है। आपको किसी दूसरे शहर में गाड़ी लेने के लिए नहीं जाना पड़ेगा।

### दिलबाग सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

सोनीपत। विश्व जाट महासभा की उत्तर प्रदेश में आयोजित बैठक में संगठन को और सक्रिय बनाने की दिशा में कई निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से दिलबाग सिंह दहिया को विश्व जाट महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति की घोषणा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरपाल सिंह ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि दिलबाग सिंह दहिया लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने संगठनात्मक कार्यों के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनकी कार्यशैली, अनुभव व नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। आशा है कि कि दहिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी।



गन्नौर। बाल भवन क्रिकेट अकादमी की विजेता टीम प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता के साथ।

### बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने 2-1 से शृंखला जीती

गन्नौर। बाल भवन क्रिकेट अकादमी और स्टार क्रिकेट अकादमी के बीच तीन मैचों की शृंखला का आयोजन किया गया। इस शृंखला को 2-1 से बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने जीता। मैच में बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 148 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार क्रिकेट अकादमी, सोनीपत की टीम 99 रनों पर ही आलआउट हो गई। इस प्रकार बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने 48 रनों से मुकाबला अपने नाम किया। मैच के मैन आफ द मैच हिमांशु रहे, जिन्होंने उत्कृष्ट बल्लेबाजी करते हुए 42 रन बनाए और साथ ही गेंदबाजी में 3 विकेट भी हासिल किए। सर्वश्रेष्ठ फील्डर का पुरस्कार आर्यन त्यागी को दिया गया। बेस्ट विकेट कीपर का पुरस्कार वंश को तथा मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार शशांक रोहिल्ला को दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों की उपलब्धि की सराहना की।

### खुदाई के दौरान मिले चांदी के सिक्के

खरखौदा। गांव पिपली में दादी सती माता की जगह के पास खुदाई के दौरान 70 सिक्के चांदी के मिले है। इन सिक्कों को गांव की सरपंच सोनिया के पति सुनील के पास रखवा दिया है। इससे पहले जो खुदाई की गई थी तब आनन्द नामक व्यक्ति को चांदी के 270 सिक्के व कुछ हाथ, पैर व कान में पहनने वाले आभूषण मिले थे। आनंद का कहना है कि उन सिक्कों को जब वह घर पर लेकर पहुंचा तो घर वालों ने उसे कहा कि यह माता सती का संपत्ति है। अगर इसे हम अपने घर पर रखेंगे तो कुछ अनर्थ होने की संभावना हो सकती है। इसलिए वह उन सिक्कों को व अन्य सामान को वापस उसी स्थान पर दबाकर चला आया। अब दोबारा खुदाई के दौरान जो सिक्के मिले हैं, इसकी सूचना पुलिस को दी जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

खरखौदा। पीपली गांव के पास पैदल चल रहे एक व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया। लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत भिजवा दिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

**मौसम** न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री पहुंचा, आज से बारिश की उम्मीद, फिर बढ़ सकती है ठंड

# लगातार तीसरे दिन भी प्रदेश में सबसे ठंडा रहा सोनीपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में मौसम का मिजाज लगातार परिवर्तनशील बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों से दिन के समय खिलने वाली चटक धूप ने जहां आम जनमानस को कड़ाके की ठंड से बड़ी राहत प्रदान की है वहीं दूसरी ओर जिले का न्यूनतम तापमान अब भी रिकॉर्ड स्तर पर बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले के सरगथल क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यह लगातार तीसरा दिन है जब जिले का तापमान पूरे प्रदेश में सबसे कम दर्ज किया गया है जिससे इस क्षेत्र में सुबह और शाम के समय हाड़ कपाने वाली ठंड का अहसास बना हुआ है। हालांकि दिन में मौसम साफ रहने और अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचने से लोगों को राहत मिली।

### क्या कहते हैं मौसम विशेषज्ञ

*मौसम विशेषज्ञों ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि धूप और सुहावने मौसम का यह दौर अब समाप्त होने वाला है। शुक्रवार से जिले के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से दक्षिणी पंजाब और उत्तरी राजस्थान के ऊपर एक चक्रवातीय सर्कुलेशन का निर्माण हो रहा है। इस भौगोलिक बदलाव के कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से भारी मात्रा में नमी दिल्ली-एनसीआर के क्षेत्रों की ओर बढ़ रही है। इस नमी के कारण शुक्रवार और शनिवार को सोनीपत जिले के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम श्रेणी की वर्षा होने की प्रबल संभावना है।*

### मिलाजुला रहा दिन

*मिलाजुला रहा वीरवार का दिन परिवर्तनशील मौसम के बीच वीरवार का दिन मिलाजुला रहा। सुबह के समय कोहरा न होने के कारण सूरज की किरणें जल्दी धरती पर पहुंची जिससे सुबह से ही धूप का आनंद लोगों को मिला। दिन भर करीब 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलती रहीं लेकिन धूप की तपिश के आगे इनका प्रभाव कम रहा। दिन का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास बने रहने से लोगों को शीतलहर से काफी हद तक छुटकारा मिला हुआ था।*

### जिले का एक्यूआई 136 पर

पर्यावरण की स्थिति पर नजर डालें तो जिले का वायु गुणवत्ता सूचकांक 136 दर्ज किया गया है जो मध्यम श्रेणी में आता है। हवा की गति और धूप के कारण प्रदूषण के स्तर में कुछ सुधार देखा गया है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आगामी दिनों में हल्की बरसात होती है तो यह फसलों के लिए संजीवनी का काम करेगी विशेषकर गेहूं की फसल को इससे काफी लाभ होने की उम्मीद है। हालांकि यदि बारिश के साथ ओलावृष्टि या बहुत तेज हवाएं चलती हैं तो इससे फसलों को नुकसान भी पहुंच सकता है। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को ठंड से बचाव के उचित प्रबंध करने को कहा गया है क्योंकि तापमान में अचानक उतार-चढ़ाव होने से वायरल बुखार और श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

### हवाओं की गति के साथ बढ़ेगी ठिठुरन

आगामी 48 घंटों के दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस मौसमी हलचल के दौरान हवाओं की गति में भी इजाफा हो सकता है जिससे ठिठुरन बढ़ेगी।

-डॉ. प्रेमदीप, वैज्ञानिक, केवीके, जगदीशपुर।